प्रेषक,
कुलसचिव
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय
जौनपुर।

वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

Fax: (05452) 252244, 252344
Web : www.vbspu.ac.in

पत्रांकः पू.वि.वि. / सम्बद्धता / 01-(तीन) / 2022 / 2241
दिनांकः 30.4.2022

सेवा में,

प्रबन्धक,
रमाशंकर सिंह महाविद्यालय
मखना, पिण्डोहरी, मऊ।

विषयः महाविद्यालय को स्नातक स्तर पर कला व विज्ञान संकाय के विषयों मे सम्बद्धता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या-1103(1) / सत्तर-6-2014-2(97) / 2014, दिनांक-01 अगस्त, 2014 जिसके द्वारा शैक्षिक सत्र 2014-15 से नवीन महाविद्यालयों / पूर्व में संचालित महाविद्यालयों में नवीन पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) अधिनियम 2014 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-14 सन 2014) द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 की धारा 37 (2) के परन्तुक के अधीन राज्य सरकार की सम्बद्धता की पूर्वानुमति दिये जाने के उपबन्ध को समाप्त कर दिया है, के क्रम मे **रमाशंकर सिंह महाविद्यालय, मखना, पिण्डोहरी, मऊ को स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत हिन्दी, संस्कृत, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, मध्यकालीन इतिहास, भूगोल व गृहविज्ञान एवं स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अन्तर्गत रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान, प्राणी विज्ञान व गणित विषयों में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत दिनांक-08.01.2022 से निम्नलिखित शर्तों के अधीन स्थायी सम्बद्धता प्रदान की जाती है:-**

1. महाविद्यालय शासनादेश संख्या-2851 / सत्तर-2-2003-16(92) / 2002, दिनांक-02 जुलाई, 2003 में उल्लिखित सुसंगत दिशा-निर्देशों एव इस विषय में समय-समय पर निर्गत अन्य शासनादेशों का पालन करेगी।
2. शासनादेशसंख्या-5267 / 70-2-2005-2(166) / 2002 टी.सी. दिनांक-16.11.2005 एवं शासनादेश संख्या-5125 / 70-2-2005-2(166) 2002, दिनांक-21.10.2005 में दिये गये निर्देशों का अनुपालन संस्था द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।
3. संस्था विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी को इस आशय का प्रमाण-पत्र प्रतिवर्ष प्रेषित करेगा कि संस्था / महाविद्यालय सम्बद्धता की शर्त निरन्तर पूरी कर रहा है।
4. रिट याचिका संख्या-61859 / 2012 में पारित आदेश दिनांक-20.12.2012 के अनुपालन हेतु मानकानुसार शिक्षकों के अनुमोदन / नियुक्ति के सम्बंध में निर्गत शासनादेश संख्या-522 / सत्तर-2-2013-2(650) / 2012, दिनांक-30 अप्रैल, 2013 का अनुपालन विश्वविद्यालय द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।
5. यदि संस्था द्वारा विश्वविद्यालय की परिनियमावली / अध्यादेश में वर्णित तथा शासन एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शर्तों एवं मानकों की पूर्णता तथा उनकी निरन्तरता को सुनिश्चित नही किया जायेगर, तो उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय, अधिनियम, 1973 के प्राविधानों के अन्तर्गत संस्था को प्रदान की गयी सम्बद्धता वापस लिए जाने की कार्यवाही नियमानुसार की जायेगी।
6. महाविद्यालय की भूमि के सबन्ध में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि एवं तथ्य गोपन सम्बन्धी तथ्य प्रकाश में आने पर सम्बद्धता स्वतः समाप्त समझी जायेगी।
7. शासन के पत्र संख्या-12 / 2015 / 450 / सत्तर-2015-16 (33) / 2015, दिनांक-12 जून, 2015 में दिये गये निर्देश के क्रम मे महाविद्यालय की वेबसाइट पर महाविद्यालय के प्राचार्य / प्रवक्ताओं आदि से सम्बन्धित समस्त सूचना अपलोड करेगें।
8. उक्त सम्बद्धता प्राभूत धनराशि, एन.बी.सी., प्रमाण-पत्र से सम्बन्धित तथ्यों के सत्यापन के अधीन होगी।
9. महाविद्यालय द्वारा प्रति वर्ष A.I.H.S.E. का पंजिकरण कराकर उसका प्रमाण पत्र विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जायेगा।

कुलसचिव
30/4/22

प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. सचिव, उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. निदेशक, उच्च शिक्षा, उच्च शिक्षा निदेशालय उ०प्र० इलाहाबाद।
3. क्षेत्रिय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी।
4. अधीक्षक शैक्षणिक को आगामी कार्यपरिषद की बैठक में कार्यपरिषद के संज्ञानार्थ रखे जाने हेतु।
5. परीक्षा नियंत्रक / अतिगोपनीय / परीक्षा विभाग।
6. टेक्निकल सेल, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु।

प्रधानाचार्य
रमाशंकर सिंह महाविद्यालय
मखना, पिण्डोरी-मऊ